# आर.ए.एस./आर.टी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2018
# (सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान)
# मॉडल पेपर-1

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. निम्नलिखित में से किस एक का निर्माण सबसे पहले किया गया था जो भारत के कला एवं पुरातात्त्विक इतिहास से संबंधित है?
   (1) उदयगिरि स्थित वाराह मूर्ति
   (2) भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर
   (3) महाबलीपुरम स्थित शैलकृत स्मारक
   (4) धौली स्थित शैलकृत हाथी
2. प्राचीन भारत के इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन गलत है?
   (1) हमारे देश का नाम 'इंडिया' अरबी और फारसी भाषाओं में हिंद नाम से विदित हुआ है।
   (2) प्राचीन काल में प्राकृत भाषा देश भर की संपर्क भाषा का काम करती थी।
   (3) प्राचीन काल के दो महाकाव्य (रामायण और महाभारत) की रचना मूलत: संस्कृत भाषा में हुई थी।
   (4) सम्राट अशोक के शिलालेख केवल प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे।
3. ऋग्वेद में सर्वाधिक संख्या में मंत्र किससे संबंधित है।
   (1) विष्णु से (2) वरुण से
   (3) इंद्र से (4) अग्नि से
4. कल्याणकारी राज्य की संकल्पना का समावेश भारत के संविधान में है-
   (1) संविधान की सातवीं अनुसूची में
   (2) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत में
   (3) संविधान की प्रस्तावना में
   (4) मौलिक अधिकारों के अध्याय में
5. भारत के संविधान में कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण संबंधी प्रावधान कहाँ उल्लिखित है?
   (1) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत में
   (2) आठवीं अनुसूची में
   (3) संविधान की उद्देशिका में
   (4) मूल कर्त्तव्यों में
6. भारत के संविधान में 'हम भारत के लोग' शब्दों का प्रयोग कहाँ किया गया है?
   (1) संविधान की प्रस्तावना में
   (2) मौलिक अधिकारों में
   (3) नीति-निदेशक सिद्धांत में
   (4) नागरिकता में
7. निम्नलिखित में से कौन-सी गोदावरी की सहायक नदियाँ हैं?
   A. पेन्नार B. प्राणहिता
   C. इंद्रावती D. वंशधारा

   **कूट:**
   (1) केवल B और C (2) केवल C और D
   (3) A, B और C (4) A, B, C और D
8. चिकित्सक हृदय स्पंद को मापने के लिये निम्नलिखित में से किस यंत्र का उपयोग करते हैं?
   (1) इलेक्ट्रोएन्सिफैलोग्राम
   (2) क्रेस्कोग्राफ
   (3) ओसिलोग्राफ
   (4) स्टेथोस्कोप
9. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व सभी अम्लों में निश्चित रूप से उपस्थित होता है?
   (1) क्लोरीन (2) सल्फर
   (3) सोडियम (4) हाइड्रोजन
10. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
   (1) राष्ट्रपति के द्वारा
   (2) राज्यपाल के द्वारा
   (3) अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा
   (4) अध्यक्ष, राज्य लोक सेवा आयोग के द्वारा
11. निम्नलिखित में से कौन-सी राष्ट्रीय पार्टियाँ हैं?
   A. भारतीय जनता पार्टी
   B. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
   C. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी)
   D. नेशनल पीपुल्स पार्टी

   **कूट:**
   (1) केवल A और B (2) A, B और D
   (3) केवल C और D (4) A, B और C
12. यदि वार्षिक संघीय बजट लोकसभा द्वारा पारित नहीं होता है, तो-
   (1) सुझाव हेतु बजट राज्यसभा को भेज दिया जाता है।
   (2) बजट में संशोधन कर यह दुबारा पेश किया जाता है।
   (3) प्रधानमंत्री अपनी मंत्रिपरिषद का त्याग-पत्र पेश कर देता है।
   (4) संघीय वित्त मंत्री से त्यागपत्र देने के लिये कहा जाता है।

13. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

| विषय | अनुच्छेद |
|---|---|
| (1) प्रशासनिक अधिकरण | - 323क |
| (2) अखिल भारतीय सेवाएँ | - 316 |
| (3) वित्त आयोग | - 281 |
| (4) अंतर्राज्य परिषद के संबंध में उपबंध | - 165 |

14. निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी अभयारण्य राजस्थान में अवस्थित है?
    (1) कौंडिन्या पक्षी विहार
    (2) माला पट्टी पक्षी विहार
    (3) सलीम अली पक्षी विहार
    (4) घाना पक्षी विहार

15. माल एवं सेवा कर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    A. माल एवं सेवा कर को लागू किये जाने के पश्चात् अप्रत्यक्ष करदाताओं की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
    B. माल एवं सेवा कर को 15 जुलाई, 2017 से लागू किया गया है।
    C. माल एवं सेवा कर के द्वारा सूचना का एक बड़ा निक्षेपागार सृजित होगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को समझने में आसानी होगी।
    D. माल एवं सेवा कर को 1 जुलाई, 2017 से लागू किया गया है।

    उपरोक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (1) केवल A और C
    (2) केवल B और D
    (3) A, C और D
    (4) A, B, C और D

16. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव ग्रीष्म निष्क्रियता नहीं दर्शाता है?
    (1) चमगादड़ (2) सैलामैंडर
    (3) मगरमच्छ (4) केंचुआ

17. पारे एवं नाइट्रेट से संदूषित जल के उपयोग से निम्नलिखित में से कौन-से रोग होते हैं?
    (1) आस्टियोपोरोसिस तथा ब्लू बेबी सिंड्रोम
    (2) मिनिमाता रोग तथा ब्लू बेबी सिंड्रोम
    (3) मिनिमाता रोग तथा आस्टियोपोरोसिस (अस्थि सुषिरता)
    (4) आस्टियोपोरोसिस तथा मिनिमाता रोग

18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (वायु प्रदूषण)** | **सूची-II (प्रभावित अंग)** |
|---|---|
| A. सीसा | (i) रक्त धाराएँ |
| B. कार्बन मोनो ऑक्साइड | (ii) मस्तिष्क |
| C. एस्बेस्टस धूल | (iii) उदर |
| D. पारा | (iv) फेफड़ा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

19. जीएसटी परिषद के निर्णय के मुताबिक एक राज्य से दूसरे राज्य में सामानों की आवाजाही के लिये ई-वे बिल प्रणाली को कब लागू किया गया है?
    (1) 01 जनवरी, 2018 को
    (2) 15 मार्च, 2018 को
    (3) 20 जनवरी, 2018 को
    (4) 01 अप्रैल, 2018 को

20. भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018 के संदर्भ में, दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:
    A. भगोड़ा आर्थिक अपराधी होने के आरोपित व्यक्ति को विशेष न्यायालय द्वारा नोटिस जारी की जाएगी।
    B. केवल उन्हीं मामलों को इस विधेयक की परिसीमा में लाया गया है, जिसकी राशि ₹ 100 करोड़ से कम हो।
    C. भगोड़े आर्थिक अपराधी को किसी सिविल दावे का बचाव करने से अपात्र बनाना है।
    D. अधिनियम के अंतर्गत ज़ब्त की गई संपत्ति के प्रबंधन व निपटान के लिये एक प्रशासन की नियुक्ति की जाएगी।

    उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    (1) केवल A और B (2) केवल C और D
    (3) A, C और D (4) A, B, C और D

21. कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना क्या उपलब्ध कराती है?
    (1) पेंशन तथा बीमा लाभ
    (2) अनुदानित आवासीय सुविधाएँ
    (3) ग्राम स्तर पर अधिक गुणवत्तायुक्त जीवन
    (4) अतिरिक्त मज़दूरी रोज़गार

22. चतुर्भुज नटराज की प्रसिद्ध काँस्य मूर्ति किस कला का उदाहरण है?
    (1) गांधार कला (2) मौर्य कला
    (3) चोल कला (4) गुप्त कला

23. निम्नलिखित में से कौन-सा कृषि उत्पाद 'लैटिन अमेरिका' से भारत लाया गया था?

(1) पपीता (2) मक्का

(3) तरबूज़ (4) काजू

24. **कथन A:** मुगल गद्दी पर औरंगज़ेब, शाहजहाँ का उत्तराधिकारी हुआ।

**कारण R:** ज्येष्ठ पुत्र के उत्तराधिकार के नियम का पालन किया गया।

**कूट:**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

25. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| | **साहित्य** | **लेखक** |
|---|---|---|
| (1) | तबकात-ए-अकबरी | - अबुल फज़ल |
| (2) | शाहजहाँनामा | - इनायत खाँ |
| (3) | मज़्म-उल-बहरीन | - दारा शिकोह |
| (4) | हुमायूँनामा | - गुलबदन बेगम |

26. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (बहुउद्देशीय परियोजनाएँ)** | **सूची-II (नदियाँ)** |
|---|---|
| A. तुलबुल परियोजना | (i) सोन नदी |
| B. बाणसागर परियोजना | (ii) सतलुज नदी |
| C. भाखड़ा नांगल परियोजना | (iii) झेलम नदी |
| D. तिलैया परियोजना | (iv) बराकर नदी |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

27. कोपेन द्वारा प्रस्तुत जलवायु प्रदेशों में से राजस्थान में कौन-सा सुमेलित नहीं है?

(1) Aw–दक्षिण राजस्थान

(2) As–उत्तरी राजस्थान

(3) BWhw–शुष्क मरुस्थल

(4) BShw–अर्द्धशुष्क मरुस्थल

28. राजस्थान में रेतीली मिट्टी के विस्तार से संबंधित कौन-सा विकल्प सही है?

(1) जैसलमेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, झुंझुनूँ

(2) डूँगरपुर, उदयपुर, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा

(3) बारां, झालावाड़, श्रीगंगानगर, भरतपुर

(4) अजमेर, भीलवाड़ा, बाँसवाड़ा, राजसमंद

29. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में राज्यसभा में राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों की प्रतिनिधित्व का विवरण दिया गया हैं?

(1) तीसरी (2) पांचवी

(3) चौथी (4) सातवीं

30. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अंतर्राज्यीय परिषद से संबंधित प्रावधान निहित है?

(1) अनुच्छेद 260 (2) अनुच्छेद 261

(3) अनुच्छेद 262 (4) अनुच्छेद 263

31. पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?

(1) एन.के.पी. साल्वे (2) महावीर त्यागी

(3) एन.के. सिंह (4) के.सी. पंत

32. भारत के संविधान में पाँचवी अनुसूची और छठी अनुसूची के उपबंध निम्नलिखित में से किसलिये किये गए है?

(1) पंचायतों की शक्तियों, प्राधिकारों और उत्तरदायित्वों के निर्धारण के लिये

(2) राज्यों के बीच सीमाओं के निर्धारण के लिये

(3) सभी सीमावर्ती राज्यों के हितों के संरक्षण के लिये

(4) अनुसूचित जनजातियों के हितों के संरक्षण के लिये

33. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग एवं अनुसूची पंचायतों से संबंधित है?

(1) भाग-5, सातवीं अनुसूची

(2) भाग-8, दसवीं अनुसूची

(3) भाग-9, ग्यारहवीं अनुसूची

(4) भाग-10, बारहवीं अनुसूची

34. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (विटामिन)** | **सूची-II (अभावजन्य रोग)** |
|---|---|
| A. विटामिन A | (i) स्कर्वी |
| B. विटामिन $B_1$ | (ii) बेरी-बेरी |
| C. विटामिन C | (iii) रिकेट्स |
| D. विटामिन D | (iv) दृष्टिहीनता |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

35. पादप के किस भाग द्वारा प्रकाश संश्लेषण हेतु वायु से कार्बन-डाइऑक्साइड ली जाती है?
(1) रंध्र (2) मूल रोम
(3) बाह्यदल (4) पर्णशिराएँ

36. अंत:श्वसित वायु तथा उच्छ्‌वसित वायु में ऑक्सीजन का प्रतिशत क्रमश: कितना होता है?
(1) 16.4% तथा 21% (2) 21% तथा 16.4%
(3) 24% तथा 14% (4) 48% तथा 24%

37. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक एवं न्यूनतम अभिक्रियाशीलता वाला तत्वों का युग्म है?
(1) पोटैशियम तथा हाइड्रोजन
(2) पोटैशियम तथा गोल्ड
(3) गोल्ड तथा मर्करी
(4) सोडियम तथा आयरन

38. पुष्पी पौधों में लैंगिक जननांग के संदर्भ में, दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-
A. पुंकेसर मादा जननांग है जो परागकण नहीं बनाते हैं।
B. परागकणों का उसी पुष्प के वर्तिकाग्र पर स्थानांतरण स्वपरागण, जबकि एक पुष्प से दूसरे पुष्प पर स्थानांतरण परपरागण कहलाता है।
C. स्त्रीकेसर मादा जननांग है जो पुष्प के केंद्र में अवस्थित होता है।
D. पुंकेसर नर जननांग है जो परागकण बनाते हैं।
उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
(1) केवल A और B
(2) केवल C और D
(3) A, B और C
(4) B, C और D

39. निम्नलिखित में से कौन ग्रीनहाउस प्रभाव में योगदान नहीं करता है?
(1) ओज़ोन ($O_3$)
(2) मिथेन ($CH_4$)
(3) सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$)
(4) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)

40. 'ग्लोबल 500' पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं-
(1) पर्यावरण प्रतिरक्षा के लिये
(2) मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के लिये
(3) जनसंख्या नियंत्रण के लिये
(4) आतंकवाद के विरुद्ध अभियान के लिये

41. वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती हुई मात्रा से वायुमंडल का तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है, क्योंकि कार्बन डाइऑक्साइड-
(1) सौर विकिरण के अवरक्त अंश को अवशोषित करती है।
(2) वायु में उपस्थित जलवाष्प को अवशोषित कर उसकी ऊष्मा को संचित करती है।
(3) सौर विकिरण के पराबैंगनी अंश को अवशोषित करती है।
(4) संपूर्ण सौर्य विकिरण को अवशोषित करती है।

42. भारत में गरीबी को परिभाषित किया गया है-
(1) परिवार के सदस्यों की संख्या से
(2) प्रति व्यक्ति कैलोरी प्राप्ति से
(3) लोगों के जीवन स्तर से
(4) परिवार की आय से

43. राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना फेज-2 वित्त पोषित है?
(1) एशियन विकास बैंक द्वारा
(2) विश्व बैंक द्वारा
(3) जापान अंतर्राष्ट्रीय को-ऑपरेशन एजेंसी द्वारा
(4) जर्मन एजेंसी द्वारा

44. किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत कब की गई थी?
(1) 1998-99 में (2) 1995-96 में
(3) 2000-01 में (4) 2004-05 में

45. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी कहाँ स्थित है?
(1) चेन्नई में (2) बंगलुरु में
(3) हैदराबाद में (4) मैसूर में

46. जनगणना-2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक कुल जनघनत्व वाले ज़िलों को अवरोही क्रम में जमाएँ:
(1) धौलपुर, दौसा, अलवर, जैसलमेर
(2) भरतपुर, दौसा, अलवर, धौलपुर
(3) जैसलमेर, धौलपुर, भरतपुर, अलवर
(4) अलवर, दौसा, धौलपुर, जैसलमेर

47. जनगणना-2011 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-से दो जिले हैं जिनकी पुरुष साक्षरता प्रतिशत सर्वाधिक है?
(1) झुंझुनूँ और कोटा (2) बाँसवाड़ा और जालौर
(3) बाड़मेर और सीकर (4) भरतपुर और बाँसवाड़ा

48. जनगणना-2011 के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या में 'सिक्खों' तथा 'जैनों' का कुल कितना-कितना प्रतिशत है?
(1) 1.27% तथा 0.91%
(2) 9.07% तथा 0.10%
(3) 0.14% तथा 0.2%
(4) 0.10% तथा 0.14%

49. सरस्वती सुपरक्लस्टर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
A. यह निकटवर्ती ब्रह्मांड में सबसे बड़ी ज्ञात संरचनाओं में से एक है।
B. यह पृथ्वी से लगभग 4 अरब प्रकाश वर्ष दूर है।
C. इसका द्रव्यमान सूर्य जैसे तारे के द्रव्यमान से अरबों-खरबों गुना अधिक आँका गया है।
D. अनुमान है कि यह सुपरक्लस्टर लगभग 600 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैला हुआ है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(1) केवल A और B (2) केवल B और D
(3) B, C और D (4) A, B, C और D

50. इसरो ने वर्ष 2017 में जीसैट-19 उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किसके माध्यम से किया था?
(1) एएसएलवी
(2) जीएसएलवी मार्क-III डी 1
(3) पीएसएलवी-सी 4
(4) पीएसएलवी-सी 9

51. माइक्रोबीड्स से संभावित पर्यावरणीय खतरों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
A. समुद्री जीवों की कई प्रजातियाँ दुष्प्रभावित होती हैं।
B. ये खाद्य श्रृंखला में कैंसर कारक रासायनिक यौगिकों का वहन करते हैं।
C. ये खाद्य श्रृंखला में कैंसर कारक रासायनिक यौगिकों का वहन नहीं करते हैं।
D. माइक्रोबीड्स का सामूहिक रूप से सतही क्षेत्र बड़ी मात्रा में विषाक्त पदार्थों व अन्य प्रदूषक को अवशोषित करने में सक्षम होता है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A और B (2) केवल A और C
(3) A, B और D (4) A, B, C और D

52. 'बरखान' स्थलाकृति का संबंध किससे है?
(1) मैदानी क्षेत्र से (2) द्वीप समूह से
(3) मरुस्थल से (4) तटीय मैदान से

53. पूर्वी घाट तथा पश्चिमी घाट निम्नलिखित में से किन पहाड़ियों में आपस में मिलते हैं?
(1) नीलगिरी पहाड़ियों में
(2) कार्डमम (इलायची) पहाड़ियों में
(3) पालकोंडा पर्वत श्रेणी में
(4) नल्लामल्ला पहाड़ियों में

54. विश्व प्रसिद्ध कश्मीर घाटी और डल झील कहाँ अवस्थित है?
(1) वृहद् हिमालय और जास्कर के बीच
(2) काराकोरम और जास्कर के बीच
(3) लघु हिमालय और शिवालिक के बीच
(4) वृहद् हिमालय और पीरपंजाल के बीच

55. 44वें संविधान संशोधन के पश्चात् अनुच्छेद-352 के तहत घोषित राष्ट्रीय आपात् के प्रमुख आधार क्रमश: कौन-कौन से हैं?
(1) 'युद्ध', 'बाह्य आक्रमण', 'सशस्त्र विद्रोह'
(2) 'आंतरिक विद्रोह', 'सशस्त्र विद्रोह', 'अशांति'
(3) 'युद्ध', 'अशांति', 'आंतरिक विद्रोह'
(4) 'युद्ध', 'आंतरिक विद्रोह', 'बाह्य आक्रमण'

56. संसद, अंतर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा संपूर्ण भारत में लागू करने के लिये कोई भी कानून बना सकती है-
(1) बहुसंख्य राज्यों की सहमति से
(2) संबंधित राज्यों की सहमति से
(3) बिना किसी राज्य की सहमति से
(4) सभी राज्यों की सहमति से

57. जिला स्तर पर नियामक एवं विकास कार्यों में पृथक्करण की सिफारिश किसने की थी?
(1) अशोक मेहता समिति ने
(2) दंतेवाला समिति ने
(3) डॉ.पी.वी.के. राव समिति ने
(4) बलवंत राय मेहता समिति ने

58. कुलीन/जनसमूह मॉडल की व्याख्या सफलतापूर्वक किस विद्वान द्वारा की गई?
(1) डेविड ईस्टन (2) राइट मिल
(3) प्लोडन (4) टैरी

59. राजस्थान में वर्ष 2016-17 में ताँबा का उत्पादन कितना रहा है?
(1) 5.56 लाख टन
(2) 6.75 लाख टन
(3) 10.55 लाख टन
(4) 15.67 लाख टन

60. भारत में वायु गुणवत्ता सूचकांक का आकलन करने में कौन-सी वायुमंडलीय गैस को शामिल नहीं किया गया है?
(1) $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड)
(2) CO (कार्बन मोनोऑक्साइड)
(3) $SO_2$ (सल्फर डाई ऑक्साइड)
(4) Pb (शीशा)

61. किस देश ने प्रथम 'थ्री डी' दूरदर्शन प्रसारण प्रायोगिक तौर पर प्रवृत्त किया है?
(1) दक्षिण अफ्रीका (2) यू.के.
(3) चीन (4) अमेरिका

62. ऑस्कर पुरस्कार, 2018 किसको प्राप्त हुआ?
   (1) द शेप ऑफ वाटर
   (2) कोको
   (3) वूमेन चिली
   (4) न्यूटन

63. भारत में एशिया की सबसे बड़ी प्रकाशीय दूरबीन की स्थापना किस राज्य में की गई?
   (1) हिमाचल प्रदेश (2) उत्तराखंड
   (3) मध्य प्रदेश (4) छत्तीसगढ़

64. तेल का एक बैरल लगभग किसके बराबर होता है?
   (1) 321 लीटर (2) 257 लीटर
   (3) 159 लीटर (4) 131 लीटर

65. राजस्थान में पोमचा किसे कहते हैं?
   (1) पुरुषों के साफे को
   (2) आदिवासी महिलाओं के वस्त्र विशेष को
   (3) पुरुषों की धोती को
   (4) महिलाओं की ओढ़नी विशेष को

66. निम्नलिखित में से किसे ज़मीन का जेवर, राती-घाटी का किला (दुर्ग) आदि नामों से जाना जाता है?
   (1) भटनेर दुर्ग (2) जूनागढ़ दुर्ग
   (3) जालौर दुर्ग (4) कुंभलगढ़ दुर्ग

67. भीलवाड़ा ज़िले में किस संप्रदाय की पीठ स्थित है?
   (1) रामस्नेही संप्रदाय (2) निंबार्क संप्रदाय
   (3) शाक्त संप्रदाय (4) दादू संप्रदाय

68. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल किलाबंद और खाई से घिरा हुआ था?
   (1) सोनगाँव (2) इनामगाँव
   (3) चंदौली (4) दैमाबाद

69. 'आर्य' शब्द इंगित करता है-
   (1) श्रेष्ठ वंश को (2) भाषा समूह को
   (3) नृजाति समूह को (4) यायावरी जन को

70. अशोक के निम्नलिखित अभिलेखों में से किसमें दक्षिण भारतीय राज्यों का उल्लेख हुआ है?
   (1) नौवाँ मुख्य शिलालेख
   (2) प्रथम स्तंभ अभिलेख
   (3) द्वितीय मुख्य शिलालेख
   (4) तृतीय मुख्य अभिलेख

71. मुख्यमंत्री राजश्री योजना के तहत प्रति बालिका (पुत्री) के जन्म पर अभिभावकों को कितनी राशि का परिलाभ दिया जा रहा है?
   (1) ₹ 2500 (2) ₹ 5000
   (3) ₹ 7000 (4) ₹ 3500

72. अन्नपूर्णा भंडार योजना की शुरुआत कब की गई थी?
   (1) 31 अक्टूबर, 2015 को
   (2) 15 जनवरी, 2017 को
   (3) 26 मई, 2016 को
   (4) 20 अगस्त, 2015 को

73. सौभाग्य योजना के तहत देश के प्रत्येक गरीब परिवार को कितने घंटे बिजली देने का लक्ष्य रखा गया है?
   (1) 14 घंटे (2) 18 घंटे
   (3) 20 घंटे (4) 24 घंटे

74. प्रीमियर बैडमिंटन लीग 2017 का खिताब किसने जीता?
   (1) अवध वारियर्स (2) चेन्नई स्मैशर्स
   (3) मुंबई रॉकेट्स (4) हैदराबाद हंटर्स

75. 36वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन कहाँ किया जाएगा?
   (1) गोवा में (2) राजस्थान में
   (3) छत्तीसगढ़ में (4) मुंबई में

76. हॉकी इंडिया लीग, 2017 में कितनी स्पर्धाएँ हुईं?
   (1) 34 (2) 36
   (3) 40 (4) 42

77. अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली का प्रारंभ किस अधिनियम से माना जाता है?
   (1) 1853 का चार्टर अधिनियम
   (2) 1892 का भारतीय परिषद् अधिनियम
   (3) 1813 का चार्टर अधिनियम
   (4) 1833 का चार्टर अधिनियम

78. निम्नलिखित के भारतीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया को क्रमशः बताइये- 'जूनागढ़', 'हैदराबाद', 'जम्मू-कश्मीर'-
   (1) विलय पत्र, जनमत संग्रह, पुलिस कार्रवाई
   (2) पुलिस कार्रवाई, जनमत संग्रह, विलय पत्र
   (3) जनमत संग्रह, विलय पत्र, पुलिस कार्रवाई
   (4) जनमत संग्रह, पुलिस कार्रवाई, विलय पत्र

79. 'भारतीय संविधान का मैग्नाकार्टा' संविधान के किस भाग को कहा जाता है?
   (1) भाग-II (2) भाग-III
   (3) भाग-IV (4) भाग-V

80. राष्ट्रहित में भारत की संसद राज्य सूची के किसी भी विषय पर विधिक शक्ति प्राप्त कर लेती है यदि इसके लिये एक संकल्प-
   (1) राज्यसभा द्वारा अपने उपस्थित एवं मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर लिया जाए।
   (2) लोकसभा द्वारा अपनी संपूर्ण सदस्यता के साधारण बहुमत से पारित कर लिया जाए।

(3) लोकसभा द्वारा अपनी संपूर्ण सदस्य संख्या के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर लिया जाए।

(4) राज्यसभा द्वारा अपनी संपूर्ण सदस्यता के साधारण बहुमत से पारित कर लिया जाए।

81. भारत के किन न्यायालयों को 'अभिलेख न्यायालय' माना जाता है?

(1) जनपद न्यायालयों को

(2) उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय को

(3) केवल सर्वोच्च न्यायालय को

(4) केवल उच्च न्यायालय को

82. राजस्थान का राज्य खेल कौन-सा है?

(1) बॉस्केटबॉल (2) पोलो

(3) टेबल टेनिस (4) क्रिकेट

83. राजस्थान राज्य के उदयपुर संभाग में सम्मिलित ज़िले-

(1) पाली, जालौर, सिरोही, बाड़मेर

(2) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद

(3) अलवर, दौसा, सीकर, झुन्झुनूँ

(4) कोटा, बारां, प्रतापगढ़, टोंक

84. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है?

| | नदी | | सहायक नदियाँ |
|---|---|---|---|
| (1) | कालीसिंध | - | आहू, परवन, उजाड़ |
| (2) | साबरमती | - | जवाई, बांडी, माजम |
| (3) | माही | - | बेतरक, वाकल, सोम |
| (4) | बनास | - | बाणगंगा, मांशी, बांडी |

85. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| | सूची-I (युद्ध का नाम) | | सूची-II (किनके मध्य) |
|---|---|---|---|
| A. | रणथंभौर का युद्ध | (i) | पृथ्वीराज तृतीय एवं मुहम्मद गोरी |
| B. | तराइन का द्वितीय युद्ध | (ii) | रतनसिंह एवं अलाउद्दीन खिलजी |
| C. | चित्तौड़ का युद्ध | (iii) | अलाउद्दीन खिलजी एवं सातलदेव |
| D. | सिवाना का युद्ध | (iv) | हम्मीरदेव चौहान एवं अलाउद्दीन खिलजी |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

86. अजमेर जिले में स्थित 'किशनगढ़' अपनी किस विशिष्टता के लिये प्रसिद्ध है?

(1) चित्रकला (2) शिल्पकला

(3) नृत्यकला (4) संगीतकला

87. भारत में किस राज्य की जीएसटी आधार में राज्यवार हिस्सेदारी सर्वाधिक है?

(1) तमिलनाडु (2) गुजरात

(3) उत्तर प्रदेश (4) महाराष्ट्र

88. PVR सिनेमा का पूरा सही नाम क्या है?

(1) प्रिया विलेज रोड शो

(2) प्रियम विलेज एंड रोड शो

(3) प्रियम विडियोज़ एंड रिव्यूज़

(4) पार्वती विडियोज़ एंड रिव्यूज

89. निम्नलिखित में से कौन-सा गलत सुमेलित है?

| | संस्था | | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|---|
| (1) | भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) | - | 1964 |
| (2) | भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) | - | 1992 |
| (3) | भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI) | - | 1948 |
| (4) | भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम (ICICI) | - | 1955 |

90. मेरीकल्चर (Mariculture) का संबंध है-

(1) संरक्षण के लिये समुद्री मछलियों के संवर्द्धन से।

(2) भोजन के लिये समुद्री मछलियों के संवर्द्धन से।

(3) विशेष समुद्री क्षेत्र में मछलियों के भोजन हेतु खाद्य पदार्थों प्लवक के संवर्द्धन से।

(4) विशेष समुद्री क्षेत्र में समुद्री मछली की विशेष प्रजाति के संरक्षण से।

91. नवजात शिशु को "ट्रिपल एंटीजन वैक्सीन" निम्नलिखित में से किन रोगों से प्रतिरक्षित करने के लिये लगाई जाती है?

(1) टिटनेस, डिप्थीरिया और खसरा

(2) टिटनेस, डिप्थीरिया और चेचक

(3) कुकर-खाँसी, टिटनेस और डिप्थीरिया

(4) खसरा, टिटनेस और कुकर-खाँसी

92. दिल्ली सल्तनत के किस शासक के शासनकाल में 'रागदर्पण' का फारसी में अनुवाद किया गया था?

(1) फिरोज़ तुगलक (2) रज़िया सुल्तान

(3) मुहम्मद तुगलक (4) बलबन

93. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (मुगल शासक)** | **सूची-II (संबंधित मकबरा)** |
|---|---|
| A. हुमायूँ | (i) सासाराम |
| B. जहाँगीर | (ii) सिकंदरा |
| C. अकबर | (iii) दिल्ली |
| D. शेरशाह | (iv) लाहौर |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

94. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'सुलहकुल' की नीति अपनाई थी?
(1) अकबर (2) जहाँगीर
(3) निजामुद्दीन औलिया (4) बख्तियार काकी

95. 'गणेश्वर-जोधपुरा संस्कृति' किस हड़प्पाई स्थल की सूचक है?
(1) बनावली (2) खेतड़ी
(3) लोथल (4) कालीबंगन

96. मौर्य काल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) इस काल में आहत रजत-मुद्राओं का प्रचलन नहीं था।
(2) सातवाहनों ने मौर्य शासन प्रणाली का अनुकरण किया।
(3) उज्जैन और तक्षशिला के अधिकारियों का स्थानांतरण होता था।
(4) पूर्वोत्तर भारत में सर्वप्रथम पकाई हुई ईंटों का प्रयोग हुआ।

97. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

| | **हड़प्पीय स्थल** | | **स्थिति** |
|---|---|---|---|
| (1) | कालीबंगा | - | राजस्थान |
| (2) | राखीगढ़ी | - | जम्मू-कश्मीर |
| (3) | मोहनजोदड़ो | - | सिंध |
| (4) | रंगपुर | - | गुजरात |

98. 30वीं टेबल टेनिस ITTF-ATTU एशियन कप, 2017 का आयोजन भारत में कहाँ हुआ?
(1) अहमदाबाद में (2) नई दिल्ली में
(3) कोलकाता में (4) जयपुर में

99. निम्नलिखित में से किन दो खिलाड़ियों को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार-2017 प्रदान किया गया है?
(1) पी.ए. राफेल तथा सरदार सिंह
(2) हीरानंद कटारिया तथा बृजभूषण मोहंती
(3) देवेंद्र झाझरिया तथा सरदार सिंह
(4) संजॉय चक्रवर्ती तथा रोशन लाल

100. वर्ष 2017 का सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
(1) नेमार जूनियर
(2) मैनुअल नायर
(3) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(4) लियोनेल मेसी

101. प्रकाश की तीव्रता को किस उपकरण द्वारा नापते हैं?
(1) लक्समीटर (2) अल्टीमीटर
(3) कोलोरीमीटर (4) एनीमोमीटर

102. चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं होने का क्या कारण है?
(1) यह पृथ्वी के नज़दीक है।
(2) यह सूर्य से प्रकाश प्राप्त करता है।
(3) इस पर गैस अणुओं का पलायन वेग उनके वर्ग माध्य मूल वेग से कम होता है।
(4) यह पृथ्वी की परिक्रमा करता है।

103. 'नई एकीकृत शिक्षा योजना' के संबंध में दिये गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।
A. प्रस्तावित योजना में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आर.एम.एस.ए.), सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) और शिक्षक शिक्षण अभियान को समाहित कर दिया गया है।
B. इसका लक्ष्य पूरे देश में प्री-नर्सरी से लेकर बारहवीं तक की शिक्षा सुविधा सबको उपलब्ध कराने के लिये राज्यों की मदद करना है।
C. एकीकृत स्कूली शिक्षा योजना में शिक्षकों और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने पर खास जोर दिया गया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल A और B (4) A, B और C

104. 'राष्ट्रीय वयो श्री योजना' का शुभारंभ कब एवं कहाँ से किया गया है?
(1) अप्रैल 2017, नेल्लोर (आंध्र प्रदेश)
(2) मई 2018, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
(3) जनवरी 2017, जयपुर (राजस्थान)
(4) फरवरी 2018, भोपाल (मध्य प्रदेश)

105. प्रधानमंत्री एल.पी.जी. पंचायत योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(1) इस योजना के अंतर्गत पूरे देश में 50 हजार एल.पी. जी. पंचायतें गठित की जाएंगी।
(2) यह योजना स्वच्छ भारत मिशन योजना की पूरक योजना के रूप में कार्य करेगी।
(3) इस योजना का उद्देश्य एल.पी.जी उपयोगकर्त्ताओं को साफ ईंधन और उसके उपयोगी लाभों के बारे में जागरूक करना है।
(4) इस योजना की शुरुआत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा बिहार के भगलपुर ज़िले से की गई।

106. एक निश्चित धनराशि का 20% वार्षिक ब्याज की दर से एक वर्ष का चक्रवृद्धि एवं साधारण ब्याजों का अंतर ₹ 51 है, जबकि ब्याज छमाही संयोजित होता है तो वह धनराशि क्या है?
(1) ₹ 1500 (2) ₹ 5000
(3) ₹ 5100 (4) ₹ 6500

107. किसी व्यक्ति ने ₹ 8000 चक्रवृद्धि ब्याज पर ऋण लिया तो तीन वर्ष बाद उसे कितना धन चुकाना होगा? यदि ब्याज की दर पहले, दूसरे एवं तीसरे वर्ष के लिये क्रमश: 2%, 3% एवं 5% है।
(1) ₹ 8855 (2) ₹ 8825
(3) ₹ 8725 (4) ₹ 8285

108. एक व्यक्ति ने अपनी वर्तमान आयु बताते हुए कहा, 4 वर्ष बाद मेरी आयु लीजिये, फिर उसे 3 से गुणा कीजिये। गुणनफल में से मेरी 2 वर्ष पहले की आयु को आधा घटा दीजिये। अब जो संख्या प्राप्त होगी, वह मेरी वर्तमान आयु का 3 गुना है। व्यक्ति की आयु है-
(1) 24 वर्ष (2) 26 वर्ष
(3) 30 वर्ष (4) 28 वर्ष

109. एक बर्तन में दूध और पानी का अनुपात 7 : 4 है तथा दूसरे बर्तन में पानी और दूध का अनुपात 5 : 8 है तो दोनों बर्तनों में से किस अनुपात में मिश्रण लिये जाएँ कि इन्हें मिलाने से बने मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 41 : 25 हो जाए?
(1) 13 : 5 (2) 5 : 13
(3) 25 : 41 (4) 7 : 11

110. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'SYSTEM' को 'SYSMET' और 'NEARER' को 'AENRER' लिखा जाता है, तो 'FRACTION' को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(1) ARFITCNO (2) CAFRNOIT
(3) CARFNOIT (4) CARFNIOT


111. अनुक्रम 289, 196, 256, 169....... का अगला पद है:
(1) 256 (2) 225
(3) 144 (4) 228

112. नीचे दिये गए अनुक्रम में आगे का पद है:
B8Y9, D7W7, F8U8, H5S6, J4Q4, .........
(1) L5O5 (2) L4R7
(3) L6P7 (4) L5P5



113. असंगत छाँटिये:
(1) China (2) Pakistan
(3) France (4) Japan



114. यदि A बेटा है Q का, Q और Y बहिन है, Y की माँ Z हैं, P बेटा है Z का तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सही है?
(1) A का मामा P है।
(2) P और Y बहिन है।
(3) A का चाचा P है।
(4) A और P चचेरा भाई या बहिन है।

115. नीचे दिये गए समस्या चित्रों के अवयव बाएँ से दाएँ देखने पर एक निश्चित नियम के अनुसार परिवर्तित हो रहे हैं।



इस नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा चित्र अगला होगा, यदि परिवर्तन उसी नियम के अनुसार जारी रहे?

(1)  (2) 

(3)  (4) 

116. निम्नलिखित में दिये गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिये:

| | | |
|---|---|---|
| 18 | 16 | 7 |
| 35 | 25 | ? |
| 7 | 23 | 58 |
| 24 | 32 | 65 |

(1) 19 (2) 15
(3) 14 (4) 13

117. $[(251)^{98} + (21)^{29} - (106)^{100} + (705)^{35} - 16^4 + 259]$ के सरलीकृत रूप में इकाई अंक बताइये।
(1) 9 (2) 6
(3) 4 (4) 7

118. एक नल एक टंकी को 60 मिनट में भर सकता है। टंकी को भरने के लिये नल को खोल दिया जाता है। जब टंकी आधी भरती है तभी उसमें एक छेद हो जाता है, जिस कारण 10 मिनट में जलस्तर टंकी के 1/4 भाग तक गिर जाता है। नल को अब बंद कर दिया गया है। छेद को अब टंकी को खाली करने में कितना समय लगेगा?
(1) 7 मिनट (2) 4 मिनट
(3) 8 मिनट (4) 6 मिनट

119. राम किसी परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है, लेकिन 10 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। श्याम उसी परीक्षा में 40% अंक प्राप्त करता है और उसके अंक, उत्तीर्ण होने के लिये न्यूनतम अंकों से 15 अंक अधिक हैं तो न्यूनतम निर्धारित अंक (उत्तीर्ण होने के लिये) कितना है?
(1) 85 (2) 75
(3) 45 (4) 65

**प्रश्न संख्या 120 से 123 के लिये:**

निम्नलिखित सारणी का अवलोकन कीजिये:

6 छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों में प्राप्त अंकों का प्रतिशत:

| विषय | भौतिकी | रसायन | गणित | इतिहास | भूगोल | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णांक: | 150 | 75 | 200 | 100 | 50 | 75 |
| A | 77 | 63 | 89 | 55 | 64 | 72 |
| B | 69 | 72 | 71 | 78 | 69 | 66 |
| C | 82 | 78 | 69 | 65 | 75 | 57 |
| D | 73 | 81 | 76 | 67 | 58 | 63 |
| E | 58 | 69 | 54 | 74 | 66 | 75 |
| F | 66 | 57 | 61 | 62 | 71 | 59 |

निम्नलिखित प्रश्नों (120 से 123) के उत्तर लिखिये:


120. सभी छात्रों द्वारा भूगोल में प्राप्त अंकों का औसत क्या है? (दशमलव के दो अंकों तक)
(1) 33.58 (2) 40.42
(3) 36.42 (4) 31.40

121. 6 छात्रों का रसायन में प्राप्त अंकों का औसत क्या है?
(1) 60.3 (2) 55.6
(3) 52.5 (4) 57.4

122. A ने गणित तथा इतिहास में कुल कितने प्रतिशत अंक प्राप्त किये? (दशमलव के दो अंकों तक)
(1) 68.45 (2) 70.42
(3) 70.44 (4) 77.67

123. छात्र C द्वारा भौतिकी और रसायन में प्राप्त कुल अंक तथा E द्वारा उन्हीं विषयों में प्राप्त अंकों में क्या अंतर है?
(1) 45.02 (2) 42.75
(3) 43.05 (4) 46.08

124. दिये गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिये:




(1) 480 (2) 343
(3) 380 (4) 520

125. सर्वाधिक जैव विविधता कहाँ पाई जाती है?
(1) फूलों की घाटी में
(2) सुरमा घाटी में
(3) शांत घाटी में
(4) कश्मीर घाटी में

126. राजस्थान का ऐसा कौन-सा रेलवे स्टेशन है जो पूर्ण रूप से महिलाओं द्वारा संचालित है?
(1) गांधीनगर (2) भरतपुर
(3) झुंझुनूँ (4) अजमेर

127. 'अर्थशास्त्र' के क्षेत्र में वर्ष 2017 का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
(1) जोकिम फ्रैंक (2) बैरी सी. बैरिश
(3) रिचर्ड एच थेलर (4) काजुओ इशिगुरो

128. 2018 शीतकालीन ओलंपिक खेल में कुल कितने खेलों की प्रतिस्पर्द्धाएँ आयोजित की गईं?
(1) 102 (2) 109
(3) 115 (4) 120

129. वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 21वें कॉमनवेल्थ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का ध्वजवाहक कौन था/थीं?
(1) साइना नेहवाल (2) पी.वी. सिंधु
(3) जीतू राय (4) मीराबाई चानू

130. 105वें, भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस का मुख्य विषय (Theme) क्या था?
(1) राष्ट्रीय विकास के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
(2) कृषि विकास के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।
(3) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से दूर-दराज तक पहुँच।
(4) डिजिटल समाज के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

131. राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) इस योजना को पहले 'न्यू पेंशन सिस्टम' कहा जाता था।
(2) 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी भारतीय नागरिक पेंशन योजना का लाभ ले सकता है।
(3) सरकार ने 2012 में नागरिकों के लिये इस योजना की शुरुआत की थी।
(4) यह सुविधा देश के सभी मुख्य डाकघरों में मौजूद है।

132. वर्तमान में भारत में कार्यशील नाभिकीय ऊर्जा संयत्रों की संख्या कितनी है?
(1) 18 (2) 15
(3) 22 (4) 32

133. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (परमाणु ऊर्जा संयंत्र)** | **सूची-II (अवस्थित)** |
|---|---|
| A. रावतभाटा | (i) तमिलनाडु |
| B. कलपक्कम | (ii) उत्तर प्रदेश |
| C. काकरापार | (iii) राजस्थान |
| D. नरौरा | (iv) गुजरात |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

134. भारत का ऐसा पहला शहर जो यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में विश्व धरोहर शहर के रूप में शामिल किया गया है-
(1) अहमदाबाद (2) जयपुर
(3) आगरा (4) मथुरा

135. विश्व पर्यटन अर्थव्यवस्था में भारत का कौन-सा स्थान है?
(1) 4वाँ (2) 5वाँ
(3) 6वाँ (4) 7वाँ

136. वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक, 2017 में भारत का कौन-सा स्थान था?
(1) 108वाँ (2) 110वाँ
(3) 115वाँ (4) 102वाँ

137. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| **भारतीय रेलवे जोन** | | **मुख्यालय** |
|---|---|---|
| (1) पूर्व-मध्य-रेलवे | – | हाजीपुर |
| (2) पश्चिम-मध्य-रेलवे | – | जयपुर |
| (3) उत्तर-मध्य-रेलवे | – | इलाहाबाद |
| (4) दक्षिण-मध्य-रेलवे | – | सिकंदराबाद |

138. एवरेस्ट फतह करने वाली देश की प्रथम महिला आइपीएस कौन है?
(1) अर्पणा कुमार (2) सोनिया नारंग
(3) अर्चना रामासुंदरम (4) मीरा बोरवणकर

139. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन कब किया जाएगा?
(1) वर्ष 2018 में (2) वर्ष 2019 में
(3) वर्ष 2020 में (4) वर्ष 2021 में

140. एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2018 में भारत ने कुल कितने पदक हासिल किये थे?
(1) 5 पदक (2) 4 पदक
(3) 6 पदक (4) 8 पदक

141. मौर्य वंश में तीन महत्त्वपूर्ण राजा हुए। इन राजाओं का सही वंशानुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(1) चंद्रगुप्त, बिंदुसार, अशोक
(2) अशोक, बिंदुसार, चंद्रगुप्त
(3) बिंदुसार, चंद्रगुप्त, अशोक
(4) चंद्रगुप्त, अशोक, बिंदुसार

142. विष्णु के वराह रूप की मूर्ति निम्नलिखित में से कहाँ से प्राप्त हुई है?
(1) तमिलनाडु (2) असम
(3) मध्य प्रदेश (4) महाराष्ट्र

143. किसके शासनकाल में जजिया कर खत्म कर दिया गया?
(1) औरंगजेब (2) जहाँदार शाह
(3) बाबर (4) बहादुरशाह

144. 1939 ई. में निम्नलिखित में से किसे ऑल इंडिया स्टेट्स पीपुल्स कॉन्फ्रेंस का अध्यक्ष चुना गया?
(1) जवाहर लाल नेहरू
(2) महात्मा गांधी
(3) सरदार वल्लभभाई पटेल
(4) सुभाष चंद्र बोस

145. 1927 ई. में साइमन कमीशन के गठन का मुख्य उद्देश्य क्या था?
(1) भारत में शिक्षा के प्रसार एवं सुधार का आकलन करना।
(2) भारत में रेलवे के विकास पर खर्च धन का आकलन करना।
(3) संवैधानिक सुधार के प्रश्न पर विचार करना।
(4) राजस्व के नए स्रोतों का अध्ययन करना।

146. भारत पर मध्य एशियाई आक्रमणों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा सही कालानुक्रम है?
(1) शक → यूनानी → कुषाण → पहलव
(2) पहलव → यूनानी → शक → कुषाण
(3) यूनानी → शक → पहलव → कुषाण
(4) यूनानी → पहलव → शक → कुषाण

147. मध्य एशियाई संपर्क से धार्मिक विकास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः
A. बौद्ध धर्म में मूर्ति-पूजा का प्रचलन शुरू हुआ।
B. बहुत से विदेशी शासकों ने भारत आकर शैव, वैष्णव और बौद्ध धर्म को अपना लिया था।
C. बौद्ध साहित्य के तीनों पिटकों की व्याख्या पूरी की गई।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) केवल B

(3) केवल A और B (4) A, B और C

148. निम्नलिखित में से किस शासक ने प्रसिद्ध सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार कराया था?

(1) रुद्रदामन प्रथम (2) चंद्रगुप्त

(3) रुद्रदामन द्वितीय (4) अशोक

149. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| सूची-I (विभाग) | सूची-II (संबंधित पद) |
|---|---|
| A. विधि विभाग | (i) दीवान-ए-अमीर-ए-कोही |
| B. कृषि विभाग | (ii) दीवान-ए-अर्ज |
| C. सैन्य विभाग | (iii) दीवान-ए-इंशा |
| D. पत्राचार विभाग | (iv) दीवान-ए-रिसाल |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

150. कृष्णदेव राय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गलत है?

(1) पुर्तगाली यात्री 'डोमिंगो पेस' उसके दरबार में आया।

(2) उसका उत्तराधिकारी कृष्णदेव द्वितीय था।

(3) उसने नौसेना के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया।

(4) वह संस्कृत व तेलुगू का मेधावी विद्वान था।

## आर.ए.एस./आर.टी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान) पेपर-1 उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (4) | 39. | (3) | 77. | (2) | 115. | (4) |
| 2. | (4) | 40. | (1) | 78. | (4) | 116. | (3) |
| 3. | (3) | 41. | (1) | 79. | (2) | 117. | (3) |
| 4. | (2) | 42. | (2) | 80. | (1) | 118. | (4) |
| 5. | (1) | 43. | (3) | 81. | (2) | 119. | (1) |
| 6. | (1) | 44. | (1) | 82. | (1) | 120. | (1) |
| 7. | (1) | 45. | (3) | 83. | (2) | 121. | (3) |
| 8. | (4) | 46. | (2) | 84. | (1) | 122. | (4) |
| 9. | (4) | 47. | (1) | 85. | (2) | 123. | (2) |
| 10. | (2) | 48. | (1) | 86. | (1) | 124. | (2) |
| 11. | (4) | 49. | (4) | 87. | (4) | 125. | (3) |
| 12. | (3) | 50. | (2) | 88. | (1) | 126. | (1) |
| 13. | (1) | 51. | (3) | 89. | (2) | 127. | (3) |
| 14. | (4) | 52. | (3) | 90. | (2) | 128. | (1) |
| 15. | (3) | 53. | (1) | 91. | (3) | 129. | (2) |
| 16. | (1) | 54. | (4) | 92. | (1) | 130. | (3) |
| 17. | (2) | 55. | (1) | 93. | (3) | 131. | (3) |
| 18. | (1) | 56. | (3) | 94. | (1) | 132. | (3) |
| 19. | (4) | 57. | (3) | 95. | (2) | 133. | (3) |
| 20. | (3) | 58. | (2) | 96. | (1) | 134. | (1) |
| 21. | (1) | 59. | (3) | 97. | (2) | 135. | (4) |
| 22. | (3) | 60. | (1) | 98. | (1) | 136. | (1) |
| 23. | (4) | 61. | (3) | 99. | (3) | 137. | (2) |
| 24. | (3) | 62. | (1) | 100. | (3) | 138. | (1) |
| 25. | (1) | 63. | (2) | 101. | (1) | 139. | (3) |
| 26. | (3) | 64. | (3) | 102. | (3) | 140. | (4) |
| 27. | (2) | 65. | (4) | 103. | (4) | 141. | (1) |
| 28. | (1) | 66. | (2) | 104. | (1) | 142. | (3) |
| 29. | (3) | 67. | (1) | 105. | (3) | 143. | (2) |
| 30. | (4) | 68. | (2) | 106. | (3) | 144. | (1) |
| 31. | (3) | 69. | (1) | 107. | (2) | 145. | (3) |
| 32. | (4) | 70. | (3) | 108. | (2) | 146. | (3) |
| 33. | (3) | 71. | (1) | 109. | (2) | 147. | (4) |
| 34. | (3) | 72. | (1) | 110. | (3) | 148. | (1) |
| 35. | (1) | 73. | (4) | 111. | (2) | 149. | (3) |
| 36. | (2) | 74. | (2) | 112. | (1) | 150. | (2) |
| 37. | (2) | 75. | (1) | 113. | (3) | | |
| 38. | (4) | 76. | (1) | 114. | (1) | | |